## नेनो बीफ्र

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण



**देवास।** भारतीय जनता पार्टी के नगर उपाध्यक्ष प्रभात कल्याणे एवं शंकर भोले के नेतृत्व में गंगानगर स्थित माँ शारदा माता मंदिर परिसर में नगर निगम के नवनियुक्त एल्डरमेन का आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह के पश्चात सभी नवनियुक्त एल्डरमेन ने प्रधानमंत्री के एक पेड़ माँ के नाम अभियान से प्रेरित होकर वृक्षारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखरेख का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में भाजपा नगर महामंत्री नवीन सोलंकी, दुर्गेश चिल्लोरिया, हिमांशु राजोले, कार्तिक सिलोरिया, राजू थोराट सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बालक छात्रावास में हुआ मन की बात कार्यक्रम



**शाजापुर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर के बालक छात्रावास में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य हेमेंद्र यादव, बालक छात्रावास अधीक्षक ओमप्रकाश पाटीदार तथा बालिका छात्रावास अधीक्षक ज्योति धाकड़, श्री गौरव व्यास सहित छात्रावास के विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कारगिल विजय दिवस पर देश के वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके अदम्य साहस, बलिदान एवं राष्ट्रभक्ति को स्मरण किया। उन्होंने दिल्ली स्थित नेशनल वॉर मेमोरियल से द्रास के कारगिल वॉर मेमोरियल तक आयोजित शौर्य विजय यात्रा का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने विज्ञान एवं अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए निजी क्षेत्र द्वारा विकसित देश के पहले रॉकेट विक्रम-1 के सफल प्रक्षेपण को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। साथ ही फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं गणित अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में भारतीय विद्यार्थियों द्वारा अर्जित स्वर्ण सहित विभिन्न पदकों की सराहना करते हुए युवाओं को विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# देवशयनी एकादशी पर खाटू श्याम धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

## हजारों श्रद्धालुओं ने किए बाबा श्याम के दर्शन

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, देवास।**





अमृत नगर स्थित श्री खाटू श्याम धाम मंदिर में देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। हजारों श्याम भक्तों ने अपने आराध्य के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा परिवार और नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर बाबा खाटू श्याम का आकर्षक एवं अलौकिक श्रृंगार किया गया।

श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धाभाव से बाबा को छप्पन भोग अर्पित किए गए। राजीव खंडेलवाल परिवार ने पावन ज्योत प्रज्वलित कर महाआरती संपन्न कराई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से सहभागिता निभाई।

भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक हिमांशु विजयवर्गीय, राधा ठाकुर एवं उनकी मंडली ने एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। पूरा मंदिर परिसर हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा और जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक विद्या भूषण प्रसाद सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक एवं हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश एवं नगर की खुशहाली, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

कार्यक्रम के अंत में मंदिर संस्थापक श्याम शर्मा एवं ओमप्रकाश बंसल ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगकर्ताओं एवं सेवाभाव से जुड़े कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच कार्रवाई कर दूध व अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, देवास।**

आगामी त्योहारों को देखते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा सघन निरीक्षण और जांच की कार्रवाई की जा रही है। इसी श्रृंखला में निरीक्षण दल द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए गए हैं। निरीक्षण दल द्वारा देवास में कार्रवाई करते हुए मुकाती दूध डेयरी, महेन्द्र दूध डेयरी, श्री कृष्णा दूध भंडार, संजय मिल्क प्रोडक्ट्स प्रा. लि. से दूध, टोंकखुर्द में मॉडर्न डेयरी एण्ड एग्रो प्रोडक्ट्स, पटेल दूध डेयरी तथा सोनकच्छ में दिनशा फूड्स प्रालि और बालाजी डेयरी से दूध के नमूने लिए गए। ल इसी तरह खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश वास्केल द्वारा कन्नौद क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर मॉडर्न दूध डेयरी से दूध एवं घी, जय किसान एग्रो प्रोडक्ट से दूध तथा मेव दूध डेयरी से दूध के नमूने लिए गए।

# शिविर में वृद्धजनों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड मिला

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, रतलाम।**




केबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन चैतन्य काश्यप के मार्गदर्शन में आयुष्मान वय वंदना योजना अंतर्गत कार्ड वितरण शिविर का आयोजन रतलाम शहर के कम्युनिटी हॉल में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव किए हैं, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और मंत्री चैतन्य काश्यप विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं, प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा के लिए सांदीपनी स्कूल, संजीवनी क्लिनिक की स्थापना, आयुष्मान भारत योजना इसके उदाहरण है।

विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मनोहर पोरवाल ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य घर आम नागरिक की सुविधा की चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना में 5 लाख तक के नि:शुल्क उपचार की सुविधा सराहनीय है। महामंत्री जयवंत कोठारी ने कहा कि चैतन्य काश्यप के माध्यम से शिविर का आयोजन वृद्ध जनों के लिए सेवा कार्य है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज रतलाम में कॉर्निया ट्रांसप्लांट, घुटनों के प्रत्यारोपण आदि की सुविधाओं को सराहनीय बताते हुए कोविड के समय स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की सराहना की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडिवा ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 5 लाख रुपए तक के नि:शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध है, योजना में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिक पात्र हैं इसलिए उन्हें अपने नजदीकी केंद्र पर अपना आयुष्मान कार्ड बनवाना चाहिए।

स्वागत भाषण देते हुए मयूर पुरोहित ने कहा कि सेवा कार्य के माध्यम से नागरिकों को लाभ मिलने से आत्म संतुष्टि मिलती है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए 130 वृद्ध जन को आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान किए गए। रतलाम शहर के कॉमन सर्विस सेंटर संचालक अमित शाह, तरुण शर्मा, अंशुमन सोनी, विकास पुरोहित का जनप्रतिनिधियों ने अभिनंदन किया और वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शुभकामनाएं दी।

# चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार सामान हुआ बरामद

**मंदसौर।** मंदसौर में घर में घुसकर चोरी करने वाले एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया है, जिसकी कुल कीमत 25,800 रुपए है। यह घटना 500 क्वार्टर टिगरिया अभिनंदन नगर में हुई थी। बरामद सामान में एप्पल कंपनी के एयरबड्स, एक पावर बैंक, चांदी की अंगूठी, चांदी का सिक्का और 800 रुपए नकद शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पहले से ही गंभीर अपराध, आर्म्स एक्ट और महिला संबंधी कुल छह मामले दर्ज हैं। एसपी विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। टिगरिया अभिनंदन नगर निवासी हर्ष धानक (21) ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाश उसके घर से ये सामान चोरी कर ले गया था। शिकायत के आधार पर कोतवाली थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# अशासकीय सदस्य बनने पर मनोज श्रीवास्तव का सम्मान



**राष्ट्रीय हिंदी मेल, देवास।**

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय अनुदान समिति में अशासकीय सदस्य मनोनीत किए जाने पर हिन्द फौज द्वारा मनोज श्रीवास्तव का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उन्हें पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि माननीय प्रभारी मंत्री की सहमति से राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल द्वारा जारी 13 जुलाई के आदेश के तहत मनोज श्रीवास्तव को समग्र शिक्षा अभियान, देवास की जिला स्तरीय अनुदान समिति का अशासकीय सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुभव एवं योगदान का सम्मान है। समारोह में हिन्द फौज के संचालक कुमेर सिंह वर्मा एवं हिन्द फौज के एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने श्रीवास्तव का स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पमाला पहनाई तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया। हिन्द फौज परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव और शिक्षा के प्रति समर्पण से जिले के विद्यालयों एवं विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा तथा वे शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर हिन्द फौज के संचालक सुरेश शर्मा, कुमेर सिंह वर्मा, दीपिका बोरीवाल, हिन्द फौज शिक्षा संचालक श्रीजा अग्रवाल, रवि अग्रवाल, हिन्द फौज रक्तदान संचालक सीमा गिरी, विकास गिरी, हिन्द फौज योगा संचालक चंद्रशेखर तिवारी, अजय दायमा एवं आरती दायमा सहित खिलाड़ी और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कारगिल के वीरों के सर्वोच्च बलिदान को याद

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में एनसीसी व एनएसएस के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस की 27 वी वर्षगांठ श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गयी। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर मां भारती व कारगिल के शूरवीरों के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पण और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के. तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. तिवारी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। यह दिन देश की रक्षा में बलिदान देने वाले वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है।

# खेल मैदान बचाने सड़कों पर उतरे खिलाड़ी:प्रशासन को ज्ञापन सौंपा

**नीमच।** नीमच में क्रमांक 2 स्कूल परिसर स्थित एकमात्र खेल मैदान को बचाने के लिए खिलाड़ी और सामाजिक संस्थाएं एकजुट हो गई हैं। रविवार को खेल मैदान बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और नागरिकों ने भारत माता चौराहे पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यह शहर का एकमात्र मैदान है, जहां सैकड़ों युवा फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल और रनिंग का अभ्यास करते हैं। यहीं से खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचते हैं। उनका कहना था कि यदि इस मैदान पर भवन निर्माण होता है, तो शहर की नई पीढ़ी और खिलाड़ियों का भविष्य प्रभावित होगा। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि वे सीएम राइज (सांदीपनि) विद्यालय के निर्माण का विरोध नहीं कर रहे हैं। उनका मानना है कि शिक्षा का विकास आवश्यक है, लेकिन इसके लिए चुनी गई जगह अनुचित है। उन्होंने सुझाव दिया कि शहर के आसपास कई अन्य शासकीय भूखंड खाली पड़े हैं, जहां विद्यालय का निर्माण किया जा सकता है। समिति ने कहा कि एक विकास के लिए खेल संस्कृति की अनदेखी करना उचित नहीं है।

# चलने-फिरने में लाचार गोरधन को जिला चिकित्सालय में मिला नया जीवन

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, रतलाम।**






जिला चिकित्सालय रतलाम के चिकित्सकों ने एक जटिल अस्थि शल्य चिकित्सा कर चलने-फिरने में असमर्थ युवक को नया जीवन दिया है। सिविल सर्जन डॉ. ए.पी. सिंह ने बताया कि बांसवाड़ा जिले के ग्राम छायन बड़ी निवासी 24 वर्षीय गोरधन पिता नानजी का पिछले वर्ष अक्टूबर में सड़क दुर्घटना में पैर गंभीर रूप से घायल हो गया था। प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय बांसवाड़ा एवं एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराया गया, लेकिन पैर सही नहीं जुड़ पाया। लगातार तीन माह उपचार के बाद भी स्थिति बिगड़ती गई, पैर टेढ़ा हो गया और चलने-फिरने में गंभीर परेशानी होने लगी। बाद में उन्हें उदयपुर या जयपुर रेफर कर दिया गया। करीब छह से सात माह तक परेशानी झेलने के बाद गोरधन को जिला चिकित्सालय रतलाम में पदस्थ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत निनामा के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद वह उपचार के लिए रतलाम पहुंचे। यहां डॉ. भरत निनामा एवं डॉ. अभिनव जैन की टीम ने जांच के दौरान पाया कि पैर गलत तरीके से जुड़ गया है, जिसे दोबारा जटिल ऑपरेशन कर सही करना आवश्यक है।

# केंद्रीय समिति की बैठक में गोपाल सिंह ठाकुर तहसील अध्यक्ष मनोनीत

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, देवास।**



अखिल भारतीय सैन्धव क्षत्रिय राजपूत समाज धार्मिक व सामाजिक ट्रस्ट केन्द्र, उज्जैन के पंजीकृत कार्यालय राम मंदिर धर्मशाला, देवास गेट, उज्जैन में शनिवार, 26 जुलाई को केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय समिति ने सर्वसम्मति से गोपाल सिंह ठाकुर (भंवरी कलाँ) को उज्जैन तहसील अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष ललित सिंह उज्जवल ने की। इस अवसर पर अशोक सिंह कप्तान, मनोहर सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष अमर सिंह, पूर्व सचिव कृपाल सिंह, उपाध्यक्ष कृपाल सिंह मकवाना, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, जीवन सिंह, पवन पटेल, दीपेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह भाटी तथा राजा ठाकुर सहित विभिन्न जिलों से आए समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने गोपाल सिंह ठाकुर को उज्जैन तहसील अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी।

# सुनील यादव बने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद् के मप्र युवा वरिष्ठ अध्यक्ष

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, देवास।**



राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद्, नई दिल्ली द्वारा सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं सक्रिय सेवाओं को देखते हुए सुनील यादव को वरिष्ठ अध्यक्ष (युवा), मध्यप्रदेश पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति फाग्गन सिंह कुलस्ते पूर्व केंद्र मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति आयोग नई दिल्ली एवं परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया की सहमति तथा राष्ट्रीय कोर कमेटी की अनुशंसा पर की गई। नियुक्ति पत्र में आशा व्यक्त की गई है कि यादव संगठन के उद्देश्यों एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे तथा समाज के उत्थान एवं संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यादव के मनोनयन पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ , उज्जैन विधायक महेश परमार, पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, विधायक प्रत्याशी परशुराम सिसोदिया, राजेंद्र पाल गौतम राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग, पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी, राजेंद्र मालवीय, मनोज राजानी, जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी, मप्र संयोजक संजय रेकवाल, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ. मुन्ना सरकार, जयराम मालवीय, बाबूलाल मालवीय, रविंद्र ठाकुर, मदनलाल जेठवा, जेपी डोंगरे, आत्माराम परिहार सहित परिषद् के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।

# मन की बात में नरेंद्र मोदी ने की सीधी के जल संरक्षण प्रयासों की सराहना

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, रतलाम।**

प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मध्यप्रदेश के सीधी जिले में जल संरक्षण एवं जनभागीदारी से किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों का उल्लेख करते हुए जिले की सराहना की। देश के सर्वोच्च नेतृत्व द्वारा सीधी जिले के प्रयासों को राष्ट्रीय मंच पर स्थान मिलना न केवल जिले बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

यह उपलब्धि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों तथा जिला प्रशासन और आमजन की सहभागिता का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सीधी जिले में जल संरक्षण को विकास और आजीविका से जोड़ते हुए व्यापक स्तर पर कार्य किए गए हैं। अभियान के अंतर्गत जिले में 1,489 खेत तालाबों का निर्माण पूर्ण किया गया है। इन खेत तालाबों ने वर्षा जल संचयन, भू-जल पुनर्भरण और सिंचाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जिससे किसानों को खेती के लिए स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित होने लगी है।

जले में अब तक 12,983 जल संरक्षण कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। इन प्रयासों से जिले की जल भंडारण क्षमता 1 करोड़ 35 लाख 73 हजार 874 घनमीटर से बढ़कर 1 करोड़ 80 लाख 56 हजार 486 घनमीटर हो गई है अर्थात 44 लाख 82 हजार 612 घनमीटर अतिरिक्त जल संग्रहण क्षमता विकसित हुई है। इससे लगभग 896 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि सिंचित होने की संभावना बनी है तथा उपलब्ध अतिरिक्त जल से लगभग एक लाख लोगों की दैनिक आवश्यकता की पूर्ति संभव होगी।

जल संरक्षण को स्थायी स्वरूप देने के लिए जिले की सभी पांचों जनपद पंचायतों में नदी पुनर्जीवन अभियान संचालित किया गया। प्रत्येक जनपद में एक-एक नदी का चयन कर चेकडैम, स्टॉपडैम, बोल्डर चेकडैम एवं गैबियन संरचनाओं का निर्माण कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप गर्मी के मौसम में भी अनेक नदियों में जल उपलब्ध रहने लगा है। सिहावल विकासखंड के व्यवहार खांड, कुंनझुनकला, बहरी, अमराही एवं पोड़ी में स्थापित लिफ्ट सिंचाई प्रणालियों के माध्यम से ऊंचाई पर बसे आदिवासी किसानों तक नदी का पानी पहुंचाया जा रहा है।

## आषाढ़ी एकादशी पर महाराष्ट्र समाज ने निकाली भगवान विठ्ठल पंढरीनाथ की पारंपरिक दिंडी यात्रा

# लेजिम की मनमोहक प्रस्तुति और विठ्ठल नाम के जयघोष से भक्तिमय हुआ शहर



**राष्ट्रीय हिंदी मेल, देवास।**

आषाढ़ी एकादशी के पावन अवसर पर महाराष्ट्र समाज, देवास द्वारा भगवान विठ्ठल पंढरीनाथ की पारंपरिक दिंडी (पालकी यात्रा) श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा महाराष्ट्र समाज परिसर से भगवान विठ्ठल-रुक्मिणी के पूजन-अर्चन एवं महाआरती के साथ हुआ। इस दौरान श्रद्धालु विठ्ठल... विठ्ठल... जय हरी विठ्ठल के जयघोष करते हुए पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया।

दिंडी यात्रा में भगवान विठ्ठल पंढरीनाथ की सुसज्जित पालकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। पारंपरिक मराठी वेशभूषा में सजे समाजजन ढोल-ताशों की गूंज के साथ भक्ति गीतों पर झूमते हुए आगे बढ़े। यात्रा की विशेष आकर्षण महाराष्ट्र समाज की महिलाओं एवं युवतियों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक लेजिम रही। लेजिम की ताल, अनुशासित प्रस्तुति और पारंपरिक वेशभूषा ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया तथा पूरे मार्ग में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण का अद्भुत संगम देखने को मिला। दिंडी यात्रा महाराष्ट्र समाज परिसर से प्रारंभ होकर नावेल्टी चौराहा, तहसील चौराहा, शनि मंदिर चौराहा सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई फड़नीस के विठ्ठल मंदिर पहुंची। यहां भगवान विठ्ठल की विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती संपन्न हुई। मार्ग में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर दिंडी यात्रा का स्वागत किया।

पूजा-अर्चना के पश्चात दिंडी यात्रा पुन: महाराष्ट्र समाज परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा और महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का अनुपम दर्शन हुआ। समाजजनों ने भगवान विठ्ठल पंढरीनाथ से सुख, समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की प्रार्थना की।



### पन्हाला से पावनखिंड की शौर्यगाथा ने देवासवासियों को किया मंत्रमुग्ध, भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन सफल

**देवास।** शिव छत्रपति राजाभिषेक समारोह समिति, देवास द्वारा आयोजित भव्य ऐतिहासिक कार्यक्रम में पन्हाला से पावनखिंड विषय पर गोष्ट इथे संपत नाही के प्रसिद्ध वक्ता सारंग मांडके एवं सारंग भोईरकर ने अपने ओजस्वी एवं प्रभावशाली वक्तव्य से उपस्थित दर्शकों को इतिहास के उस गौरवशाली अध्याय का सजीव अनुभव कराया। कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, उनके अदम्य साहस, दूरदर्शिता एवं स्वराज्य स्थापना के संघर्ष का विस्तृत वर्णन किया गया। विशेष रूप से बाजी प्रभु देशपांडे के अद्वितीय शौर्य, पन्हाला से महाराज के प्रस्थान तथा घोड़खिंड के ऐतिहासिक युद्ध को पावनखिंड में परिवर्तित करने वाली उस महान गाथा का अत्यंत प्रभावशाली एवं विस्तृत वर्णन किया गया।

नेनो बीफ्र

## दिव्यांगजनों एवं वृद्ध जनों के लिए हुआ शिविर का आयोजन



**बड़वानी।** कलेक्टर जयति सिंह के निर्देशानुसार रविवार को पाटी में सामाजिक न्याय विभाग एवं एलिम्को उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में 'एडीप योजना' के अंतर्गत दिव्यांगजनों तथा वृद्धजनों के लिए नि:शुल्क सहायक उपकरण चिन्हांकन एवं वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्षथानसिंह सस्ते द्वारा हितग्राहियों को ऑन द स्पॉट कैलीपर्स वितरित किए गए। इस अवसर पर जनपद सीईओ पाटी सुश्री मीना झा एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय रोनक सोलंकी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन दयाल एवं उनकी वॉलिंटियर टीम ने उपस्थित दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस नि:शुल्क शिविर में कुल 311 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 46 दिव्यांगजनों एवं 4 वृद्धजनों को सहायक उपकरणों हेतु चिन्हित किया गया। इसके अलावा, शिविर में 85 यूडीआईडी कार्ड, 13 मेडिकल प्रमाण पत्र और 7 हितग्राहियों को कैलीपर्स वितरित किए गए।

## पीएम फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**नीमच।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 की अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित है। ऐसे में किसान अपनी फसलों का बीमा निर्धारित तिथि से पूर्व कराना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नगीन सिंह रावत ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना शीघ्र अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराएं। इससे प्राकृतिक आपदा अथवा प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण फसल क्षति होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। उप संचालक रावत ने किसानों से आग्रह किया है कि वे 31 जुलाई 2026 से पूर्व अपनी फसलों का बीमा अनिवार्य रूप से करा लें। फसल बीमा से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए किसान अपने निकटतम बैंक शाखा, संबंधित कृषि विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों अथवा अधिकृत बीमा कंपनी से संपर्क कर सकते हैं।

### नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत सामाजिक संस्थाओं, युवाओं, विद्यार्थियों और नागरिकों की अभूतपूर्व सहभागिता

# विशाल मैराथन आयोजित 3000 से अधिक प्रतिभागियों ने लगाई दौड़, विजेताओं को किया सम्मानित

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, धार।**

नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत रविवार को पुलिस लाइन धार से विशाल नशामुक्ति जन-जागरूकता मैराथन का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस जन-अभियान में जिलेभर से 13 से 60 वर्ष तक के लगभग 3000 से अधिक नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, शासकीय एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा छात्रावासों के छात्र-छात्राओं ने अभूतपूर्व सहभागिता दर्ज कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

मैराथन का शुभारंभ केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौरान




कलेक्टर धार राजीव रंजन मीना एवं पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने स्वयं 08 किलोमीटर मैराथन में दौड़कर न केवल धावकों का हौसला बढ़ाया, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का संदेश भी दिया। प्रतिभागियों को अभियान की विशेष टी-शर्ट वितरित की गई तथा चिकित्सा सहायता, ओ.आर.एस. युक्त पेयजल और स्वल्पाहार की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कारगिल विजय दिवस की पृष्ठभूमि रहा, जहाँ उपस्थित सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही, मैराथन से पूर्व आयोजित जुम्बा एवं एरोबिक्स सत्र ने प्रतिभागियों में शारीरिक और मानसिक ऊर्जा का संचार किया, जबकि जिला पुलिस बैंड की देशभक्ति धुनों ने पूरे परिसर में राष्ट्रप्रेम का अनूठा माहौल बना दिया। बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहे लोकप्रिय कार्टून पात्र मोटू-पतलू ने भी मनोरंजक अंदाज में बच्चों और अभिभावकों को नशे से दूरी है ज़रूरी का संदेश दिया।

विजेता प्रतिभागियों को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मेडल, प्रशस्ति-पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। 04 किलोमीटर महिला वर्ग में मुस्कान जाट (प्रथम), आदित्या शर्मा (द्वितीय) तथा वनाधी चौधरी (तृतीय) रहीं, जिन्हें क्रमशः रुपए 2,500, रुपए 1,500 और रुपए 1,000 का पुरस्कार मिला।

पुरुष वर्ग में अजय सिंह (प्रथम), सुशील जमरा (द्वितीय) तथा मनीष शर्मा (तृतीय) विजयी रहे। इसी प्रकार 08 किलोमीटर महिला वर्ग में वर्षा प्रजापत (प्रथम), सोनू लता (द्वितीय) और शिवानी गोयल (तृतीय) रहीं, तथा पुरुष वर्ग में सचिन पाल (प्रथम), राहुल सापले (द्वितीय) और दिलीप सोलंकी (तृतीय) ने स्थान प्राप्त किया, जिन्हें क्रमशः रुपए 5,000, रुपए 3,500 और रुपए 2,500 की नकद राशि से पुरस्कृत किया गया।

# मोदी ने युवा राम कुशवाहा और माय भारत वॉलंटियर्स से किया वर्चुअल संवाद

### सीमावर्ती गांवों के अनुभवों को सराहा




**राष्ट्रीय हिंदी मेल, धार।**

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय , गृह मंत्रालय और के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला एनआईसी केंद्र, धार में एक विशेष वर्चुअल संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार के युवा वॉलंटियर राम कुशवाहा सहित देश भर के चयनित प्रतिभागियों से सीधा वर्चुअल संवाद किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर राजीव रंजन मीना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने धार के युवा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिले के लिए गर्व का विषय है कि हमारे युवा राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार की महत्वपूर्ण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

कलेक्टर मीना ने युवा वॉलंटियर राम कुशवाहा का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और अन्य युवाओं को भी इससे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। वर्चुअल संवाद के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से लेह-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के दुर्गम सीमावर्ती गांवों में बिताए गए दिनों, वहां किए गए सामाजिक सर्वेक्षण, श्रमदान तथा एक पेड़ वीर के नाम अभियान के जमीनी अनुभवों पर विस्तार से चर्चा की। धार के युवा वॉलंटियर राम कुशवाहा ने प्रधानमंत्री जी से अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने इन विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों के स्थानीय रहन-सहन, संस्कृति, खान-पान और वहां की जीवनशैली को बेहद करीब से अनुभव किया है। प्रधानमंत्री जी ने युवाओं के इस जज्बे की खुलकर सराहना की और उन्हें विकसित भारत के अग्रदूत के रूप में परिभाषित किया।

मेरा युवा भारत धार की जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत ने कार्यक्रम के सफल समापन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे धार जिले के लिए अत्यंत गौरव का क्षण बताया। इस अवसर पर उन्होंने जिले के युवाओं से आह्वान करते हुए कहा- राष्ट्र निर्माण और व्यक्तित्व विकास के इस महाअभियान से जुड़ने के लिए जिले के अधिक से अधिक युवा माय भारत पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने और ऐसे स्वर्णिम अवसरों का हिस्सा बनने का अवसर मिल सके।

## चिकित्सकों की टीम ने एक बार फिर जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल बुरहानपुर**



45 वर्षीय महिला मरीज पिछले लगभग चार वर्षों से दाहिने अंडाशय में बड़ी गांठ एवं ओवेरियन सिस्ट की समस्या से पीड़ित थीं। आवश्यक जांचों के बाद चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। सर्जरी के दौरान छोटा चीरा लगाकर अंडाशय में जमा लगभग 5 लीटर द्रव सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया। इस जटिल सर्जरी को शल्य चिकित्सक डॉ. मुमताज अंसारी, शल्य चिकित्सक डॉ. प्रतीक चौधरी, डॉ. श्वेता शिवहरे, स्टाफ नर्स पल्लवी साहू एवं मानसी पासवान की टीम ने सफलतापूर्वक सम्पन्न किया।

जिला चिकित्सालय प्रबंधन ने सफल सर्जरी के लिए पूरी चिकित्सकीय एवं नर्सिंग टीम की सराहना की। अस्पताल प्रबंधक ने बताया कि जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मरीज एवं उनके परिजनों ने सफल उपचार के लिए चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ तथा जिला चिकित्सालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम होगा

**खण्डवा।** नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम 27 जुलाई को स्थानीय किशोर कुमार सभागृह में आयोजित किया गया है। मेरा युवा भारत कार्यालय की जिला युवा अधिकारी सुश्री पल्लवी दुबे ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रात: 10 बजे से आयोजित होगा। इस अवसर पर संगीत प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता, शॉर्ट फिल्म और रील प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, नशा मुक्ति शपथ, सिग्नेचर वॉल, जागरुकता प्रदर्शनी, युवा संवाद और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# आदिवासी युवकों से मारपीट, हुआ हंगामा

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, झाबुआ।**

झाबुआ जिले के काकनवानी थाने में आदिवासी युवकों से मारपीट के मामले में रविवार को हंगामा हुआ।

पुलिस द्वारा दोपहर तक मामला दर्ज न किए जाने पर यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष नटवर डोडियार समर्थकों के साथ थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की। पीड़ित सुनील डामोर (निवासी गोरियाखदान, पटेल फलिया, काकनवानी) ने अपनी शिकायत में बताया कि शनिवार, 25 जुलाई की रात करीब 10ः00 बजे वह अपने भाई मुन्ना डामोर और साथियों—सुभाष भुरिया, मोहित सिगाडिया, राहुल डामोर, रमेश निनामा, और विकास मईडा के साथ रमेश की बोलेरो गाड़ी से खाटू श्याम के दर्शन कर लौट रहे थे। गोमलीसात (थांदला-लिमड़ी रोड) के पास पहुंचने पर एक बोलेरो गाड़ी ने उनकी गाड़ी का रास्ता रोक दिया। तुरंत बाद एक और बोलेरो गाड़ी मौके पर आ गई। दोनों गाड़ियों से उतरे लोगों ने उन्हें मां-बहन की गालियां देते हुए लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया।

जब सुनील के भाई और दोस्तों ने बीच-बचाव किया, तो आरोपियों ने सुभाष भुरिया और विकास मईडा के साथ भी मारपीट की। इस मारपीट में सुनील को बाएं हाथ व पैर पर, सुभाष को दाहिने हाथ पर और विकास मईडा को सिर, दाहिने हाथ व कमर पर गंभीर चोटें आईं।

पीड़ितों का आरोप है कि वहां से बचकर निकलते समय आरोपियों ने एक बोलेरो गाड़ी से उन्हें पीछे से टक्कर मारने की कोशिश की और धमकी दी कि यदि आगे से गाड़ी रोकने पर नहीं रोकी, तो जान से मार देंगे। धरने और बढ़ते विरोध के बाद काकनवानी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (ब्हृस्) की धारा 126(2), 296(ए), 115(2), 351(3) एवं 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

दर्ज एफआईआर में विनोद नायक निवासी रंभापुर (मेघनगर), दिनेश बाबुजी निवासी थांदला, संजय मंगलिया भुरिया निवासी ग्राम कथलदरा (मेघनगर), भुरसिंग नाथू वसुनिया निवासी ग्राम आमली (काकनवानी), छोटु बिहारी निवासी ग्राम मदरानी (काकनवानी) और अन्य व्यक्ति शामिल हैं।

### 24 घंटे में प्रातः 08 बजे तक 7.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले में बीते 24 घंटे में प्रातः 08 बजे तक 7.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। तहसीलवार वर्षा में आलीराजपुर में 2.4 मि.मी., जोबट में 5.2 मि.मी., उदयगढ़ में 2.3 मि.मी., चन्द्रशेखर आजाद नगर में 4.0 मि.मी., कट्ठीवाड़ा में 29.0 मि.मी. तथा सोण्डवा में 0.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। जिले में कुल 42.9 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई। 1 जून 2026 से 26 जुलाई 2026 तक 150.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसीलवार आलीराजपुर में 141.2 मि.मी., जोबट में 129.3 मि.मी.।

# विधिक साक्षरता शिविर में आदिवासी ग्रामीणों को दी गई कानूनी जानकारी




**राष्ट्रीय हिंदी मेल, अलीराजपुर।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलीराजपुर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत अकोलिया (पटेल फलिया), चांदपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आदिवासी ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों, शासन की योजनाओं एवं उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जय पाटीदार ने पॉक्सो अधिनियम, बच्चों के संरक्षण से संबंधित कानून, बच्चों की शिक्षा, वात्सल्य योजना, पीड़ित प्रतिकर योजना तथा लोक अदालतों की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालतों के माध्यम से विवादों का त्वरित एवं सरल समाधान किया जा सकता है।

जिला विधिक सहायता अधिकारी शक्ति रावत ने स्थानीय भाषा में ग्रामीणों को विधिक सहायता सलाह योजना एवं मध्यस्थता योजना की जानकारी दी। वहीं लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने यातायात नियम, शिक्षा के अधिकार एवं ड्राइविंग से जुड़े कानूनी प्रावधानों पर जानकारी साझा की।

साथ ही पैरालीगल वालंटियर ने बच्चों के अधिकार, बाल कल्याण, साइबर अपराध, चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की टोल-फ्री हेल्पलाइन 15100 के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु जानकारी पुस्तिकाओं एवं पंपलेटों का भी वितरण किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## 500 से अधिक हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की स्त्री रोग विशेषज्ञों ने की स्वास्थ्य जाँच

**खण्डवा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत् मातृ मृत्यु दर में कमी लाने व गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिले के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्त्री रोग विशेषज्ञ व चिकित्सको द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच कर उपचार किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. डी. बाकोरिया ने बताया कि जिलें की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में कुल 573 से अधिक हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की चिकित्सको द्वारा आवश्यक जाँच कर परामर्श दिया गया। जांच के दौरान जटिलताओं को देखते हुए हाईरिस्क गर्भवति महिलाओं की सोनोग्राफी की व्यवस्था भी की गई। उन्होंने बताया कि ऐसी गर्भवती महिलाएं जो कि एनिमिया, उच्च रक्तचाप, शुगर, पूर्व सिजेरियन प्रसव, जुड़वा बच्चें, गर्भ में उल्टा बच्चा, पूर्व में गर्भपात, पूर्व में जन्में शिशु में जन्मजात विकृति, कम वजन व 35 वर्ष से अधिक उम्र में गर्भधारण होना तथा टीबी, गुरदे, हदय रोग, मलेरिया, एचआईवी, हैपेटाइटिस बी जेसे रोगो से ग्रसित है, वे सभी हाईरिस्क की श्रेणी में आती है। डॉ. बाकोरिया ने बताया कि इस दौरान गर्भवती महिलाओं व उनके परिजनों को घर पर ही उपलब्ध खाद्य पदार्थों से पोषणयुक्त भोजन बनाकर उसका सेवन करने की सलाह दी गई।

## ओकारेश्वर में दर्शन की नई व्यवस्था की श्रद्धालुओं ने की सराहना

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खण्डवा**

ओंकारेश्वर में शनिवार से जिला प्रशासन द्वारा ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर मंदिर में दर्शन व्यवस्थाओं में विशेष बदलाव किया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि पिछले कुछ समय से शुकदेव मुनि द्वार के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा था, जो कि अब पूरा हो गया है। इस कार्य के पूरा हो जाने से शनिवार को एकादशी पर्व से भक्तों के लिए ओंकार जी के दर्शन पहले से अधिक सुलभ हो गए हैं। नई व्यवस्था के तहत शुकदेव मुनि द्वार के चौडीकरण के बाद भक्तों को 10 फीट दूर से दर्शन कराए जा रहे हैं, और दर्शन के बाद श्रद्धालुओं की निकासी चांदी द्वार से कराई जा रही है। शनिवार को गाजियाबाद से आए श्रद्धालु गौरव सिंह ने कहा कि मैं पहले भी कई बार ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए आया हूं, लेकिन आज जो दर्शन का अनुभव किया वह अद्भुत और आनंद दायक है। उन्होंने कहा कि भगवान ओम्कारेश्वर के नजदीक से दर्शन करने की अपेक्षा जो व्यवस्था दूर से की गई है यह काफी अच्छी है, क्योंकि अब कुछ देर रुक कर आराम से दर्शन कर सकते हैं। पहले दर्शन पास से कराए जाते थे, लेकिन ज्यादा देर रुक कर दर्शन नहीं कर पाते थे और मन में सुकून से दर्शन करने की इच्छा अधूरी सी रह जाती थी। इसके अलावा दिल्ली से आई भक्त ईशा शर्मा ने बताया कि आज तो मन भरकर दर्शन किए मन तृप्त और आनंदित हो गया। उन्होंने कहा कि पहले कुछ सेकंड मे ही दर्शन करना होते थे।

# विकसित किए जा रहे टांडा रोड रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

### रेलवे अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, धार।**

मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य विभाग के मंत्री एवं धार जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को गंधवानी विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन इंदौर-छोटा उदयपुर रेल परियोजना के तहत विकसित किए जा रहे टांडा रोड रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें स्टेशन निर्माण और परियोजना की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। आगामी अगस्त माह में यहा पर रेलवे द्वारा डेकाकुंड से लेकर टांडा रोड तक का ट्रेक परीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री विजय वर्गीय ने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का जायजा लिया और रेलवे अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राज्य मंत्री ठाकुर ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द आधुनिक और सुरक्षित



रेल सुविधाओं का लाभमिल सके। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में आजादी के बाद पहली बार रेल परियोजना का पहुंचना ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह केवल रेलवे लाइन नहीं, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक औ औद्योगिक विकास का नया अध्याय है।

रेल संपर्क शुरू होने से शिक्षा स्वास्थ्य, रोजगार, व्यापार और पर्यटन को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री विजयवर्गीय ने भी परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम अमझेरा में अश्विन शर्मा, अरुण शर्मा और अविनाश शर्मा के परिवार ने अपनी मां के निधन पर 5000 पौधे लगाने का संकल्प लिया था। वन विभाग के सहयोग से इस संकल्प को पूरा करते हुए 5000 पौधे रोपित किए गए। पौधारोपण के समापन कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, कलेक्टर राजीव रंजन मीना, एसपी सचिन शर्मा सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शर्मा परिवार की इस पहल की सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर प्रकृति के संरक्षण की शुरुआत की थी। अमझेरा के शर्मा परिवार ने अपनी मां के नाम पर 5000 पौधे लगाकर बहुत बड़ा और अनुकरणीय कार्य किया है। समाज के अन्य लोगों को भी ऐसी पहल करनी चाहिए ताकि पर्यावरण का संरक्षण हो सके और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

इस अवसर पर क्षेत्र में उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने वाले लोगों व वन विभाग कर्मिया का भी सम्मान किया गया। जिला वन विभाग अधिकारी विजय नन्थम ञ्रक्र ने बताया कि लगाए गए सभी पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी ली गई है, इस दौरान अतिथियों ने पौधा रोपण भी किये।

# थोड़ी देर में शुरू होगा मीराबाई चानू का मुकाबला, गोल्ड पर टिकी नजर

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, नई दिल्ली।**

रविवार को ग्लासगो में हो रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत की शुरुआत मेडल के साथ हुई है। ऋषिकांत सिंह ने पुरुषों के 60 किग्रा भारोत्तोलन वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर देश को दूसरा मेडल दिलाया। अपने डेब्यू कॉमनवेल्थ गेम्स में ऋषिकांत ने कुल 264 किग्रा (121+143) वजन उठाया। ओलंपिक मेडलिस्ट वेटलिफ्टर मीराबाई चानू कॉमनवेल्थ गेम्स में लगातार तीसरा गोल्ड मेडल जीतने और देश की मेडल टैली में इजाफा करने की कोशिश करेंगी। वहीं, देश के लिए मुकाबले के इस अहम दिन पर जब महिला पेयर्स टीम लॉन बॉल्स में चुनौती पेश करेगी। बॉक्सिंग रिंग में, जादुमनी सिंह पुरुषों के 55 किग्रा कैटेगरी में पाकिस्तान के सुमामा रहमान का सामना करेंगे। मीराबाई, जिन्होंने क्रमशः गोल्ड कोस्ट और बर्मिंघम में 2018 और 2022 के गेम्स में गोल्ड मेडल जीते थे, कॉमनवेल्थ गेम्स में सबसे सफल



भारतीय महिला खिलाड़ी के तौर पर अपना रिकॉर्ड बनाए रखने की उम्मीद कर रही हैं। भारतीय एथलीट आज कुल 5 मेडल इवेंट में हिस्सा लेंगे।

भारत की मीराबाई चानू महिलाओं के 48 किग्रा वेटलिफ्टिंग फ़ाइनल में जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेंगी, क्योंकि उन्होंने दोनों इवेंट्स में सबसे ज़्यादा शुरुआती वजन का ऐलान किया है। दो बार की कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन ने स्नैच में 82 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 105 किग्रा वज़न उठाने का फ़ैसला किया है, जो बाकी खिलाड़ियों के मुक़ाबले काफ़ी ज़्यादा है। एंट्री लिस्ट में उनकी सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी मलेशिया की आइरीन जेन हेनरी हैं, जिन्होंने स्नैच में 70 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 90 किग्रा वज़न का ऐलान किया है, जबकि किसी अन्य लिफ्टर ने स्नैच में 68 किग्रा या क्लीन एंड जर्क में 90 किग्रा से ज़्यादा वज़न की एंट्री नहीं कराई है। अगर मीराबाई अपने सामान्य स्तर के मुताबिक़ प्रदर्शन करती हैं, तो वह अपना कॉमनवेल्थ गेम्स का ख़िताब बचाने की राह पर मज़बूती से आगे बढ़ेंगी।

### तपन मोहंती की रैंकिंग में सुधार

भारत के तपन मोहंती ने पुरुषों के आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स ऑल-अराउंड फाइनल में वॉल्ट पर अपने दूसरे रोटेशन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 12 ।700 का स्कोर किया और नौवें स्थान पर पहुंच गए। दो रूटीन के बाद अब उनके कुल 24.700 पॉइंट्स हो गए हैं। स्कॉटलैंड के रूबेन वार्ड फिलहाल 26.900 पॉइंट्स के साथ प्रतियोगिता में सबसे आगे हैं, जबकि साइप्रस के मारियोस जियोर्जियो 25.950 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं और वेल्स के इलियट वर्नोन 25.850 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### तपन मोहंती की रैंकिंग में सुधार

भारत के तपन मोहंती ने पुरुषों के आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स ऑल-अराउंड फाइनल में वॉल्ट पर अपने दूसरे रोटेशन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 12.700 का स्कोर किया और नौवें स्थान पर पहुंच गए। दो रूटीन के बाद अब उनके कुल 24.700 पॉइंट्स हो गए हैं। स्कॉटलैंड के रूबेन वार्ड फिलहाल 26.900 पॉइंट्स के साथ प्रतियोगिता में सबसे आगे हैं, जबकि साइप्रस के मारियोस जियोर्जियो 25.950 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं और वेल्स के इलियट वर्नोन 25.850 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### पैरेलल बार्स में तपन लड़खड़ाए

तपन ने पैरेलल बार्स में शानदार शुरुआत की, लेकिन आखिर में उन्हें मुश्किल का सामना करना पड़ा। लैंडिंग के समय थोड़ी लड़खड़ाहट उनके लिए भारी पड़ी और आखिर में उन्होंने 12.45 का स्कोर किया। यह उनके क्वालिफिकेशन स्कोर के करीब था और फिलहाल वह पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### पुरुषों के ऑल-राउंड फाइनल में तपन मोहंती अभी 8वें स्थान पर

रिंग्स और वॉल्ट के बाद तपन मोहंती अभी संयुक्त रूप से 8वें स्थान पर हैं और मेडल की दौड़ में काफी पीछे हैं। तपन के पास इस अंतर को कम करने और मेडल की स्थिति के करीब पहुंचने के लिए अभी चार और रोटेशन बाकी हैं।

# 2, 8,1, अभिषेक का डब्बा गोल, फैंस का बुरी तरह गुस्सा फूटा, बाहर बैठा रह गया यह परफॉरमर

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, नई दिल्ली।**

सवाल पहले से ही उठ रहे थे। उम्मीद थी कि जिंबाब्वे के खिलाफ तीसरे और आखिरी टी20 मुकाबले में अभिषेक शर्मा शुरुआती दोनों मैचों की विफलता पर जरूर मिट्टी डालेंगे, लेकिन लेफ्टी और आईसीसी रैंकिंग में दुनिया के दूसरे नंबर के बल्लेबाज की हालत और भी बुरी हुई। और सीरीज के तीनों मैचों में उनके आंकड़े मानो किसी मोबाइल के शुरुआती सिंगल डिजिट नंबर बन गए। पहले और दूसरे मैच में क्रमश- 2, 8 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा तीसरे मुकाबले में सिर्फ 1 ही रन बना सके। अभिषेक जिंबाब्वे के नंबर-1 पेसर मुजराबानी की गेंद को उड़ाने की कोशिश में विकेट के पीछे लपके गए। और इन आंकड़ों के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने अभिषेक ही नहीं, बल्कि टीम प्रबंधन को भी घेरना शुरू कर दिया। और इसके पीछे एक बड़ी वजह यह भी रही कि टीम में दूसरे विकेटकीपर के रूप में चुने गए प्रभसिमरन सिंह सीरीज के तीनों ही मैचों में बाहर बैठे रह गए।

### जिद नहीं ही छोड़ी अभिषेक ने

यह तो साफ है कि अभिषेक एक ही गीयर में बैटिंग करते हैं या अक्सर चौथे में तीसरे में आ जाते हैं, लेकिन भारत की तुलना में जिंबाब्वे के कहीं धीमे पिच पर जब अभिषेक को अनिवार्य रूप से चौथे से तीसरे गीयर में आना ही था, ऐसे समय में इस लेफ्टी बल्लेबाज ने अपनी जिद से कोई समझौता नहीं ही किया। मैच दर मैच रूम (जगह) बनाकर शॉट खेलने की कोशिश में अभिषेक लगातार आउट होते रहे। और जो नतीजा सामने आया, उसने फैंस को गुस्से से भर दिया। कमेंट आपके सामने हैं।

पिछले कई साल से पंजाब किंग्स के लिए खेल रहे प्रभसिमरन सिंह ने इस साल आईपीएल



में प्रदर्शन में सुधार करते हुए नियमितता दिखाई। इस विकेटकीपर ओपनर ने खेले 14 मैच की 13 पारियों में 42 ।50 के औसत और 6 अर्द्धशतक से 510 रन बनाए। वह ईशान किशन के बाद सिर्फ दूसरे ऐसे विकेटकीपर रहे, जिन्होंने संस्करण में पांच सौ से ऊपर का स्कोर किया। और ऊनका स्ट्राइक रेट भी 168.87 का रहा। इस प्रदर्शन से ही उन्होंने सेलेक्टरों को टीम इंडिया में चुनने पर मजबूर किया, लेकिन प्रबंधन ने उन्हें अंतिम 11 में मौका नहीं ही दिया। खेले तीनों मैचों में से एक भी नहीं। और यही वजह है कि सोशल मीडिया पर फैंस बहुत ही ज्यादा नाराज हैं दो राय नहीं कि अभिषेक का रवैया और नाकामी ने सैमसन के लिए रास्ता तो खोल दिया है।

# पीएम मोदी ने अनाहत सिंह को दी बधाई, 18 साल की खिलाड़ी ने रचा विश्व स्क्वैश में इतिहास

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, नई दिल्ली।**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को युवा स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह को वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने पर बधाई दी। उन्होंने अनाहत की जीत को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और भरोसा जताया कि इससे और भी युवा इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।**

पीएम मोदी ने x (पहले ट्विटर) पर लिखा, वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। अनाहत सिंह पर गर्व है कि उन्होंने गोल्ड मेडल जीता और वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप का



खिताब जीतने वाली पहली भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी बनीं। यह उपलब्धि युवाओं के बीच स्क्वैश को और लोकप्रिय बनाएगी।

18 वर्षीय अनाहत ने महिला सिंगल्स फ़ाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रुकैया सलेम को 11-3, 11-7, 11-9 से हराकर खिताब अपने नाम किया। अनाहत ने टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के तौर पर प्रवेश किया और बिना कोई मैच हारे खिताब जीतकर अपनी रैंकिंग को सही साबित किया। इस जीत के साथ, वह 2010 में अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा सोभी के खिताब जीतने के बाद महिला वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय और पहली गैर-मिस्र खिलाड़ी बन गईं। साथ ही, उन्होंने इस इवेंट पर मिस्र के 15 साल के दबदबे को भी खत्म कर दिया।यह जीत अनाहत के तेज़ी से आगे बढ़ते करियर में एक और अहम पड़ाव है। भारत की सबसे होनहार स्क्वैश खिलाड़ियों में से एक, अनाहत ने 15 साल की उम्र में 2022 एशियाई खेलों में दो ब्रॉन्ज़ मेडल जीते थे और कॉमनवेल्थ गेम्स में भी देश का प्रतिनिधित्व किया है। इससे पहले दिन में, अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के नवीनतम संस्करण में, पीएम मोदी ने भारतीय खिलाड़ियों की हालिया उपलब्धियों का ज़िक्र किया, जिसकी शुरुआत स्टार शटलर पीवी सिंधु के पहले जापान ओपन खिताब से हुई।

पीएम मोदी ने कहा, हमारे युवाओं ने हाल ही में खेलों में शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। पीवी सिंधु बैडमिंटन में जापान ओपन खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं; पूरे देश को उनकी इस उपलब्धि पर गर्व है।

प्रधानमंत्री ने इंग्लैंड के ख़िलाफ़ ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर 270 रनों की शानदार जीत के साथ अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की भी तारीफ़ की। पीएम मोदी ने कहा, यह एक ऐतिहासिक जीत है; हमारी टीम ने 270 रनों के बड़े अंतर से मैच जीता। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं होती। लॉर्ड्स के लंबे इतिहास में, यह किसी महिला टीम द्वारा खेला गया पहला टेस्ट मैच था। इसी मैदान पर भारत ने 1983 में अपना पहला क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता था। अब, हमारी 'नारी शक्ति ने वहां देश का मान बढ़ाया है।

# क्या पूरी तरह से फिट हैं नीरज चोपड़ा? कोच ने तोड़ी चुप्पी

**राष्ट्रीय हिंदी मेल, नई दिल्ली।**

भारतीय एथलेटिक्स टीम के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा कि स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा राष्ट्रमंडल खेलों से पहले पूरी तरह फिट हैं और उन्होंने भरोसा जताया कि देश इस बार (एथलेटिक्स में) 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के मुकाबले अधिक पदक जीतेगा। ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में 86 ।47 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोट के कारण 2022 बर्मिंघम खेलों में हिस्सा नहीं ले सके थे। सितंबर 2025 में विश्व चैंपियनशिप से ठीक पहले उनकी कमर के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। इस सत्र उन्होंने अब तक केवल एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। जून में आयोजित दोहा डायमंड लीग में उन्होंने 85.69 मीटर के थ्रो के साथ चौथा स्थान



हासिल किया था।

नायर ने %पीटीआई% से कहा, %नीरज शारीरिक रूप से पूरी तरह फिट हैं। वह आत्मविश्वास से भरे हुए है और उनसे शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। मैं यह नहीं कहूंगा कि पदक का रंग क्या होगा, लेकिन वह अपना सर्वश्रेष्ठ देने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं।% नीरज शुक्रवार को ग्लास्गो पहुंच गए। हालांकि स्वर्ण पदक की दौड़ आसान नहीं होगी। नीरज का मुकाबला श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरागे, ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और पाकिस्तान के मौजूदा राष्ट्रमंडल और ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम से होगा।

भारत के रोहित यादव भी अपने प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहे तो पदक के मजबूत दावेदार होंगे जिन्होंने पिछले महीने 87.05 मीटर का थ्रो किया था. पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का क्वालीफिकेशन 30 जुलाई को होगा जबकि फाइनल अगले दिन खेला जाएगा। नायर ने कहा कि 32 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम इस बार 2022 बर्मिंघम खेलों में जीते गए आठ पदकों (एक स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य) से बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि भारत इस बार बर्मिंघम से अधिक स्वर्ण पदक जीतेगा।

उन्होंने कहा, %हम बर्मिंघम से बेहतर प्रदर्शन करेंगे और इस बार ज्यादा पदक जीतेंगे। हमें उम्मीद है कि हम दो या तीन स्वर्ण पदक भी जीत सकते हैं, हालांकि मैं यह नहीं बता सकता कि वे किस स्पर्धा से आएंगे। यदि भारत तीन स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहता है तो यह नया रिकॉर्ड होगा। अब तक भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में सर्वाधिक दो स्वर्ण पदक 2010 में दिल्ली में जीते थे।

बर्मिंघम खेलों में त्रिकूद एथलीट एल्डोस पॉल भारत के एकमात्र स्वर्ण पदक विजेता थे, लेकिन चोट के कारण सर्जरी के बाद %रिहैबिलिटेशन% से गुजर रहे हैं और इस बार टीम का हिस्सा नहीं हैं। नायर ने कहा, %भाला फेंक में हमारे दो खिलाड़ी पदक की दौड़ में हैं. लंबी कूद में दो ऐसे खिलाड़ी हैं जो 8.20 मीटर से अधिक कूद सकते हैं. त्रिकूद में हमारे दो खिलाड़ी 17 मीटर से आगे जाने की क्षमता रखते हैं. हमारे पास एक ऊंची कूद का एथलीट भी है।

# जया भादुड़ी और अमिताभ बच्चन की वो फिल्म जो भारत में रही फ्लॉप, विदेश में सुपरहिट

## एक थिएटर में चली 590 दिन



**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और जया बच्चन कुछ गिनती की ही फिल्मों में साथ नजर आए हैं. इनमें गुड्डी, चुपके चुपके, सिलसिला, शोले...कुछ और नाम शामिल हैं. आप कह रहे होंगे ये तो बड़ी ही चर्चित फिल्में रही हैं. इन्हीं में से एक थी अभिमान. ये फिल्म भारत में तो खास नहीं चली लेकिन इसके गाने काफी पॉपुलर हुए थे। इनमें तेरे मेरे मिलन की ये रैना%, पिया बिना बिना जैसे क्लासिक शामिल हैं. 27 जुलाई 1973 को रिलीज हुई इस फिल्म को रिलीज हुए 53 साल हो गए हैं. 53 साल पहले आई ये फिल्म भारत में अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के लिए नुकसान का सौदा साबित हुई थी। क्योंकि दोनों ने इसमें इन्वेस्टमेंट की थी और रिटर्न के नाम पर नुकसान ही मिला था। इस फिल्म को ‹स्ढ्ढ नाम के प्रोडक्शन हाउस तले रिलीज किया गया था।‹स्ढ्ढ मतलब अमिताभ और ढ्ढ मतलब जया। जाहिर है इस प्रोजेक्ट से काफी उम्मीदें थीं लेकिन नतीजे वैसे नहीं रहे।

अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की जोड़ी का करिश्मा भारत में नहीं चल पाया लेकिन श्रीलंका में हल्ला बोल गया। ये फिल्म वहां बड़ी हिट साबित हुई और आपका जानकर हैरानी होगी कि कोलंबो के एम्पायर सिनेमा में ये फिल्म 590 दिन तक चली थी। इस लंबी पारी से आप वहां अमिताभ बच्चन की फैन फॉलोइंग का अंदाजा लगा सकते हैं. जिस फिल्म को भारत में पसंद नहीं किया गया वह श्रीलंका में दर्शकों की पहली पसंद बनी। इस फिल्म से जुड़ा एक और दिलचस्प फैक्ट ये है कि पहले इसे राग रागिनी नाम दिया रहा था लेकिन बाद में अभिमान ही फाइनल किया गया।

### किशोर कुमार की जिंदगी से इंस्पायर्ड थी फिल्म!

फिल्म मेकर ऋषिकेश मुखर्जी ने एक बार कहा था कि ये फिल्म किशोर कुमार और उनकी पत्नी रूमा गुहा ठाकुर्ता के टूटते रिश्ते से प्रेरित थी। इसके अलावा इस फिल्म को ए स्टार इज बॉर्न का रीमेक भी बताया जाता है। बता दें जिस वक्त इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई उस वक्त जया भादुड़ी टॉप एक्ट्रेस हुआ करती थीं और जबतक फिल्म पूरी हुई अमिताभ बच्चन उनसे बड़े सितारे बनकर उभरे थे।

# 300 करोड़ की स्पिरिट से होगी कैटरीना कैफ की वापसी?

**नई दिल्ली।** संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट प्रभास की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है। प्रभास और तृप्ति डिमरी स्टारर इस फिल्म को सबसे ज्यादा सुर्खियां तब मिलीं जब दीपिका पादुकोण ने फिल्म से किनारा किया। अब एक बार फिल्म ये फिल्म चर्चा में है और वजह है नई एक्ट्रेस का नाम. दावा किया जा रहा है कि कैटरीना कैफ इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं. इसे लेकर अभी कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। हिंदुस्तान टाइम्स में छपी रिपोर्ट के मुताबिक इंडस्ट्री के एक सोर्स ने कैटरीना की काम पर वापसी की अफवाहों को पूरी तरह से गलत और गुमराह करने वाला बताया है। सोर्स ने बताया, फ्यूचर में कैटरीना कैफ के एक्टिंग प्लान के बारे में किए जा रहे दावों में कोई सच्चाई नहीं है। यह रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलों और गलत जानकारी पर आधारित है जिसकी कोई कनफर्मेशन नहीं है।

### तेजी से क्यों वायरल हुई कैटरीना की वापसी की खबर?

स्पिरिट में कैटरीना के होने की अफवाहों ने इसलिए जोर पकड़ा क्योंकि इससे न सिर्फ दो दशक बाद टॉलीवुड में उनकी वापसी होती, बल्कि मां बनने के बाद सिनेमा में भी उनकी वापसी होती। कैटरीना ने आखिरी बार तेलुगु फिल्म %अल्लारी पिडुगु (2005) में काम किया था, जिसमें उनके साथ बालकृष्ण और चार्मी कौर थे। तेलुगु में उनकी शुरुआत 2004 की हिट फिल्म %मल्लिश्वरी से हुई थी जिसमें वेंकटेश उनके को-



स्टार थे। आखिरी बार उन्हें 2024 में श्रीराम राघवन की पैन इंडिया, हिंदी-तमिल फिल्म मेरी क्रिसमस में विजय सेतुपति के साथ देखा गया था।

कैटरीना ने विक्की कौशल को दो साल तक डेट किया और फिर 9 दिसंबर, 2021 को राजस्थान में शादी की। यह शादी काफी चर्चा में रही क्योंकि कपल ने प्राइवेसी बनाए रखने और मेहमानों की लिस्ट सीमित रखने पर जोर दिया था। उस समय इंस्टाग्राम पर उनकी शादी की तस्वीरें भारत में सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली पोस्ट थी। सुंदर दिखती हो, वजन कम करो निरहुआ से ऐसी बातें सुन रो पड़ीं आम्रपाली दुबे, मां से बोलीं दुख हो रहा सब सुनकर कैटरीना ने 7 नवंबर, 2025 को अपने पहले बच्चे, विहान कौशल को जन्म दिया। उन्होंने अभी तक अपने बेटे का चेहरा नहीं दिखाया है। उन्होंने हाल ही में 16 जुलाई को अपना 43वां जन्मदिन मनाया और सेलिब्रेशन की तस्वीरें पोस्ट कीं. उन्होंने विहान की एक झलक भी दिखाई, जिस पर फैन्स ने उन्हें बधाई दी।

# सुजॉय घोष की कहानी 3 से विद्या बालन आउट? सस्पेंस थ्रिलर फ्रेंचाइजी में हुई यामी गौतम की एंट्री



फिल्म आर्टिकल 370 में अपनी संजीदा और शानदार एक्टिंग के लिए नेशनल अवॉर्ड अपने नाम करने के बाद जूनी यानी यामी गौतम के सितारे इस वक्त बुलंदियों पर है। विद्या बालन स्टारर 'एक कहानी सस्पेंस-थ्रिलर फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट के लिए डायरेक्टर सुजॉय घोष ने यामी गौतम का सिलेक्शन किया है। यानी, अब कहानी की रहस्यमयी दुनिया में विद्या बालन की जगह यामी गौतम का जलवा देखने को मिलेगा। सुजॉय घोष की निर्देशित कहानी फ्रेंचाइजी की पहली दोनों फिल्मों- कहानी (2012) और कहानी 2 दुर्गा रानी सिंह (2016)- में विद्या बालन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। लेकिन कहानी 3 को लेकर मेकर्स का विजन बिल्कुल अलग है। डायरेक्टर सुजॉय घोष के मुताबिक, कहानी 3 पिछली दोनों फिल्मों की कहानी को आगे नहीं बढ़ाएगी, बल्कि यह एक बिल्कुल नई स्टोरीलाइन पर आधारित होगी। हालांकि, फिल्म कहानी की उसी सस्पेंस, रहस्य और थ्रिल वाली मूल आत्मा को बरकरार रखेगी जिसे दर्शकों ने हमेशा पसंद किया है। इस नए प्लॉट के लिए एक फ्रेश और दमदार चेहरे की जरूरत थी, जिस पर यामी गौतम पूरी तरह खरी उतरती हैं. फिलहाल फिल्म प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और टीम शूटिंग टाइमलाइन और बाकी स्टारकास्ट पर तेजी से काम कर रही है। फिल्म कहानी (2012) और कहानी 2- दुर्गा रानी सिंह (2016) में विद्या बालन के किरदार बहुत अलग और दिलचस्प थे। पहली फिल्म में वह एक शांत, चालाक और बदला लेने वाली महिला थीं तो दूसरी फिल्म में वह एक डरी हुई और अपनी बेटी के लिए लड़ने वाली मां थीं. यह फ़िल्म बॉक्स ऑफ़िस पर सुपरहिट रही। 2012 में रिलीज़ हुई फ़िल्म कहानी के हिट होने के बाद मेकर्स ने 2016 में कहानी 2 नाम से फिल्म का सीक्वल रिलीज़ किया। हालांकि, यह फिल्म फ्लॉप रही।

